तापमान



अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 30 मार्च 2024

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

4 शुक्रवार रहा सीजन का सर्वाधिक गर्म दिन



## खबर संक्षेप

### सर्व ब्राम्हण समाज की बैठक में विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा

**अम्बिकापुर।** भाजपा पार्षद आलोक दुबे के मुख्य आतिथ्य एवं सर्व ब्राम्हण समाज के जिलाध्यक्ष कौशलेन्द्र पाण्डेय की अध्यक्षता में शुक्रवार को ग्राम पंचायत महेशपुर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में सर्व ब्राम्हण समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला संगठन के पदाधिकारियों के साथ ही लखनपुर एवं उदयपुर ब्लॉक के बड़ी संख्या में सदस्यों ने बैठक में भागीदारी की। बैठक में संगठन की विभिन्न गतिविधियों के साथ संगठन को और अधिक मजबूत बनाने एवं विकासखण्ड मुख्यालय उदयपुर में भगवान परशुराम का मंदिर एवं सामुदायिक भवन का निर्माण कराने, निर्माण के लिए भूमि का चिन्हांकन करने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। वरिष्ठ सदस्यो के उदबोधन उपरांत परशुराम जयंती पर भव्य शोभायात्रा निकालने एवं इस संबंध में 28 अप्रैल को बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। पार्षद आलोक दुबे ने मंदिर निर्माण के लिए 15 हजार की ईंट एवं वरिष्ठ सदस्य सत्येन्द्र तिवारी ने 51 हजार की आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की। इस दौरान विजेन्द्र पाण्डेय, राकेश पाण्डेय, अखिलेश उपाध्याय, वीरेन्द्र पाठक, रामकरण तिवारी, आमोद तिवारी सहित बड़ी संख्या में समाज के सदस्य उपस्थित थे।

### खलिबा जंगल में फांसी पर लटका मिला युवक का शव

**अंबिकापुर।** शुक्रवार को खलिबा जंगल में पेड़ पर युवक का शव फांसी पर लटका मिला है। युवक का शव पेड़ पर लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची गांधीनगर पुलिस द्वारा शव की शिनाख्त करने के बाद पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार मृतक मानसिक रूप से कमजोर था। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की सुबह शहर से लगे खलिबा जंगल में सरई पेड़ पर एक युवक का शव फांसी पर लटका मिला। ग्रामीणों ने युवक का शव देखकर इसकी जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची गांधीनगर पुलिस द्वारा शव की पहचान धौरपुर डुमरडीह निवासी 32 वर्षीय डकेश्वर मरावी आ. राजेंद्र प्रसाद के रूप में की गई है। पुलिस के अनुसार मृतक पत्नी के साथ बलसेड़ी स्थित ससुराल आया हुआ था इसके साथ ही उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। परिजन द्वारा युवक का उपचार कराया जा रहा था। संभावना जताई जा रही है कि युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। टीआई गांधीनगर अश्विनी सिंह ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है।

### धारदार हथियार लहराते आरोपी गिरफ्तार

**बैकुंठपुर।** धारदार हथियार लहराते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के द्वारा कोरिया जिला अंतर्गत अपराधों में कमी लाने के लिए कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया है, इसके फलस्वरूप 29 मार्च को उप निरीक्षक अब्दुल मुनाफ अपने स्टॉफ आरक्षक अमित भारद्वाज, महिला आरक्षक रंजना एवं सैनिक राजेश के साथ आबकारी एक्ट एवं गिरफ्तारी वारंट के लिए देहात रवाना हुए थे। जैसे ही ग्राम सरडी पहुंचे, तो मुखबीर से सूचना मिली कि जूनापारा तिराहा के पास एक व्यक्ति लोहे का धारदार चापड़ लेकर लहरा रहा है, इससे आमजन काफी भयभीत है। इसकी सूचना एसपी को दी गई। इस पर एसपी श्री परिहार द्वारा तत्काल वैधानिक कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया।



रमज़ान मुबारक

उन्नीसवां रोज़ा

आज का इफ्तार - 6.16 बजे

कल की सेहरी - 4.26 बजे

### 5 किमी डीआई पाइप लाइन के लिए जारी किया गया टेंडर

# नगर निगम शहर में 93 लाख की लागत से बिछाएगा पाइप लाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नगर निगम द्वारा शहर में पेयजल सप्लाई के लिए 93 लाख रुपए की लागत से पाइप लाइन का विस्तार किया जाएगा। 5 किमी पाइप लाइन विस्तार के लिए निगम द्वारा टेंडर जारी कर दिया गया है। इस राशि से उन नई बसाहटों में पाइप लाइन बिछाई जाएगी जहां अमृत मिशन के तहत पहले चरण में पाइप लाइन विस्तार का काम छूट गया था। पाइप लाइन विस्तार के लिए निगम को यह राशि 15 वें वित्त से उपलब्ध कराई गई है। हालांकि निगम अधिकारी अब आदर्श आचार संहिता समाप्त होने के बाद टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य प्रारम्भ कराने की बात कही जा रही है। बता दें कि शहर में पेयजल सप्लाई के लिए अमृत मिशन के तहत घुनघुट्टा बांध से पानी सप्लाई के लिए 106 करोड़ रुपए की लागत से कतकालो फिल्टर प्लांट, पानी टंकियों का निर्माण करने के साथ ही पाइप लाइन का विस्तार किया गया। शहर में जीएसएलआर समेत पांच नई टंकियों का निर्माण किया गया है। जबकि घुनघुट्टा से कतकालो प्लांट तक व टंकियों तक पानी पहुंचाने के लिए लगभग 23 किमी व शहर के 48 वार्डों में पानी पहुंचाने के लिए 219 किमी डिस्ट्रीब्यूशन पाइप लाइन का विस्तार किया गया लेकिन प्रोजेक्ट बनाने व कार्य पूर्ण होने के बीच शहर में कई नई बसाहटों का विकास हुआ। इसके साथी ही कुछ वार्डों में सही ढंग से सर्वे नहीं करने के कारण डीपीआर सही ढंग से नहीं बन पाया था ऐसे में पाइप लाइन विस्तार के बाद भी कुछ वार्ड छूट गए थे और इन वार्डों में पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही थी। ऐसे में नगर निगम द्वारा पुनः पाइप लाइन के विस्तार हेतु प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया था। निगम द्वारा 15वें वित्त से राशि की मांग की गई थी और शासन की ओर से पूर्व में ही 93.64 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान कर दी गई थी। स्वीकृति मिलने के बाद निगम द्वारा सर्वे कराने के बाद कुछ स्थानों का चिन्हांकन किया गया और अब मार्च महीने में पाइप लाइन विस्तार के लिए टेंडर जारी कर दिया गया है हालांकि निगम के अधिकारियों का कहना है कि अब आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है इसलिए आचार संहिता समाप्त होने के बाद ही टेंडर पूर्ण कर निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा।

**खास बात**

- क 15वें वित्त से मिली है राशि, कतकालो प्लांट की क्षमता होगी 18 एमएलडी



### 5 किमी बिछाई जाएगी पाइप लाइन

नगर निगम द्वारा शहर में छूटे हुए स्थानों पर 5 किलोमीटर डीआई पाइप लाइन बिछाने का टेंडर किया गया है। निगम द्वारा पाइप लाइन का विस्तार उन स्थानों पर किया जाएगा जहां नई बसाहटें हुई है और पाइप लाइन का विस्तार नहीं हो पाया है। ऐसे स्थानों पर पाइप लाइन बिछाकर पानी सप्लाई करने की योजना है। निगम द्वारा लगभग 30 स्थानों पर पाइप लाइन बिछाए जाने की योजना है ताकि आने वाले समय में इन क्षेत्रों में लोगों को पानी उपलब्ध कराई जा सके।

### फिल्टर प्लांट की क्षमता में होगा विस्तार

घुनघुट्टा से अमृत मिशन के तहत पानी सप्लाई के लिए कतकालो में फिल्टर प्लांट की स्थापना की गई है। इस फिल्टर प्लांट की क्षमता 15 एमएलडी है लेकिन आने वाले समय में पानी की खपत बढ़ने वाली है ऐसे में निगम द्वारा फिल्टर प्लांट की क्षमता में भी विस्तार किया जा रहा है। क्षमता में विस्तार के लिए निगम द्वारा 30 लाख रुपए की लागत से मोटर पम्प की खरीदी की जाएगी। एक अतिरिक्त पम्प लगाने से ही इस पानी फिल्टर प्लांट की क्षमता 3 एमएलडी बढ़कर कुल 18 एमएलडी हो जाएगी।

### जारी किया गया है टेंडर

निगम को 15वें वित्त से 93 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। इस राशि से पाइप लाइन का विस्तार किया जाएगा। शहर में चिन्हांकित स्थानों पर 5 किमी डीआई पाइप लाइन विस्तार के लिए एमआईसी से स्वीकृति के बाद टेंडर जारी कर दिया गया है।

-डॉ.अजय तिर्की
महापौर





## नो पार्किंग में कार खड़ी करने पर लगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चल रही कार्रवाई के बीच यातायात विभाग द्वारा अब शहर में बेतरतीब ढंग से चार पहिया वाहन खड़ी कर पर जाम की स्थिति निर्मित करने वालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है। विभाग द्वारा नो पार्किंग में वाहन खड़ी करने के मामले में एक प्रकरण दर्ज किया गया है। इसके साथ ही ब्लैक फिल्म लगाने वाले वाहन स्वामियों के खिलाफ भी कार्रवाई जारी है। बता दें कि एसपी विजय अग्रवाल के निर्देश पर शहर में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। पुलिस व यातायात विभाग द्वारा अब नो पार्किंग में वाहन खड़ी कर जाम की स्थिति निर्मित करने वाले वाहन चालकों, ब्लैक फिल्म लगाकर चलने के मामले में कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई के तहत अवैध रूप से पार्किंग करने के मामले में एक प्रकरण दर्ज कर वाहन को लॉक कर दिया गया और 300 रुपए का जुर्माना लगाया गया। इसके साथ ही कार में ब्लैक फिल्म लगाकर चलने के मामले में कार्रवाई पर 2 हजार रुपए का चालान वसूल किया गया। पुलिस द्वारा दो पहिया वाहन में तीन सवारी वाहन चालकों के विरुद्ध कुल 2 प्रकरण में 1 हजार रुपए, लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने पर 3 प्रकरण दर्ज कर 6 हजार रुपए का समन शुल्क वसूल किया। इसके साथ ही अन्य धाराओं के तहत कुल 115 प्रकरण दर्ज कर 57 हजार 300 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया।

- ब्लैक फिल्म, तीन सवारी वाहन चालकों के खिलाफ भी कार्रवाई जारी

## घर की रसोई से पुलिस ने बरामद किया गांजा, महिला गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** पुलिस ने गांजा बिक्री के मामले में एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने महिला के घर के चूल्हे के अंदर से 540 ग्राम गांजा बरामद किया है जबकि महिला का पति आपराधिक प्रकरण के मामले में पहले से ही जेल में बंद है। बताया जा रहा है कि कोतवाली पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि पूर्व में चालान हुए रनपुरखुर्द निवासी सफर शाह द्वारा पत्नी के जरिए गांजा की बिक्री कराई जा रही है। सूचना के बाद एसआई सुनीता भारद्वाज के नेतृत्व में पुलिस द्वारा रनपुरखुर्द में सफर शाह के के घर की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान पुलिस ने घर के रसोई में मिट्टी के बने चूल्हे के अंदर गड्ढे में मिट्टी व राख से ढंककर रखे पन्नी के अंदर से 540 ग्राम गांजा बरामद किया। जब्त गांजे की कीमत 10 हजार रुपए आंकी जा रही है। पुलिस ने इस मामले में 30 वर्षीया माजिदा खातून पति सफर शाह को 20 एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कार्रवाई में थाना कोतवाली से प्रधान आरक्षक शत्रुधन सिंह, आरक्षक दीनदयाल सिंह, विवेक राय, दीपक दास, महिला आरक्षक पूनम पैंकरा, शांति लकड़ा आदि सक्रिय रहे।



## स्कूल के सामने से छात्रा का अपहरण कर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

स्कूल के बाहर से नाबालिग छात्रा का अपहरण कर दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने लम्बे समय से फरार चल रहे युवक को राजपुर क्षेत्र से पकड़ने में सफलता हासिल की है।

- एसपी ने की थी 5 हजार के इनाम की घोषणा

बड़ी बात यह है कि गिरफ्तार किए गए आरोपी पर एसपी ने 5 हजार रुपए के इनाम की घोषणा की थी। बताया जा रहा है कि लुंड्रा थाना अंतर्गत संचालित मिशनरी स्कूल में पढ़ने वाली छात्रा 9 मार्च को स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी लेकिन वह स्कूल नहीं पहुंची। स्कूल के फादर ने बच्ची के मां को फोनकर सूचना दी कि आपकी बेटी का बैग स्कूल गेट के बाहर फेंका हुआ है। महिला ने बताया कि बच्ची स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी। ऐसे में महिला अपने भांजे के साथ स्कूल जाकर बच्ची की तलाश कर रही थी इस दौरान दोपहर लगभग 2 बजे बाइक सवार युवक नाबालिग छात्रा को स्कूल के पास छोड़कर भाग गया। ऐसे में जब परिजन ने बच्ची से पूछताछ की तो उसने अपने साथ हुई आपबीती की जानकारी मां को दी। बच्ची ने परिजन व पुलिस को बताया कि घटना दिवस को जब सुबह 7 बजे बच्ची स्कूल पहुंची तो गेट पर मौजूद संदीप तुरी ने उसे रोक लिया और उसका बैग छीनकर फेंक दिया। आरोपी युवक बच्ची को जान से मारने की धमकी देकर जबरन अपनी बाइक पर बैठकर करौली स्टोर रूम से कुछ दूर के नहर के पास ले गया और झाड़ियों में ले जाकर बच्ची को जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। जब बच्ची चिल्लाने लगी तो वह बच्ची को पुनः बाइक पर बैठकर स्कूल के पास छोड़कर भाग गया। इस घटना की शिकायत महिला व बच्ची द्वारा पुलिस से की गई थी जिसके बाद पुलिस द्वारा मामले में अपराध दर्ज घटना की जांच की जा रही थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी ने आरोपी के खिलाफ 5 हजार के इनाम की घोषणा की गई थी। पुलिस द्वारा आरोपी को कोरिया पटना, बिश्रामपुर, प्रतापपुर, शंकरगढ़ व अन्य स्थानों पर खोजबीन की गई। इस बीच पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी राजपुर के लाउ क्षेत्र में छिपा हुआ है। ऐसे में पुलिस ने ग्राम लाउ में घेराबंदी कर आरोपी लुंड्रा के आमगांव निवासी 20 वर्षीय संदीप उर्फ पिंटू तुरी आ. नान्हू तुरी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना लुण्ड्रा से आरक्षक अनिल बड़ा, हेमंत लकड़ा, जगेश्वर तिर्की, अनिल मरावी, दीपक पाण्डेय, महिला आरक्षक प्रेमा मरावी एवं चौकी रघुनाथपुर से मकरध्वज पैंकरा आदि सक्रिय रहे।



## ढाबा से 17 किलो डोडा सहित अंग्रेजी व महुआ शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

ढाबा में लंबे से मिल रही मादक पदार्थ के अलावा अंग्रेजी व महुआ शराब की बिक्री की शिकायत पर चंदौरा पुलिस को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब पुलिस ने दबिश देकर ढाबा से 17 किलो मादक पदार्थ डोडा एवं 66 लीटर महुआ शराब के 12 पाव अंग्रेजी शराब जब्त किया।

पुलिस ढ़ाबा संचालक को गिरफ्तार न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक एमआर आहिरे के निर्देशन में थाना-चौकी की पुलिस नशे के अवैध कारोबारियों पर अंकुश लगाने नशेडियों एवं नशे के कोराबार से जुड़े लोगों के विरूद्ध लगातार कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में थाना चंदौरा पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि काबेरी ढ़ाबा के संचालक अजय कुमार ग्राम घाट पेण्डारी अपने ढ़ाबा स्टोर रूम और काउन्टर टेबल के पास अवैध मादक पदार्थ डोडा एवं शराब रखकर ढ़ाबा में आने-जाने वालों को बिक्री कर रहा है। सूचना पर पुलिस ने ढाबा में दबिश देकर तलाशी ली तो 1 लाख कीमत की 17 किलो मादक पदार्थ डोडा, 9 हजार 9 सौ रुपए कीमत के पानी बॉटल व प्लास्टिक के जरकिन में रखा 66 लीटर महुआ शराब तथा 1 हजार 440 रुपए कीमत के 12 पाव अंग्रेजी शराब जब्त किया। पुलिस ने ढाबा संचालक चंदौरा घाट पेंडारी निवासी अजय कुमार आ. रामाशंकर यादव (42 वर्ष) को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध 15 एनडीपीएस तथा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।



### 30 लीटर महुआ शराब के महिला गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** सरगुजा पुलिस ने चलाए जा रहे ऑपरेशन विश्वास के तहत कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से शराब बिक्री के मामले में महिला को गिरफ्तार किया है। गांधीनगर पुलिस के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बकिरमा बटुआबुड़ा निवासी जयंती कुजूर द्वारा हाथ भट्ठी से बना हुआ महुआ शराब रखकर ग्राहक की तलाश की जा रही है। सूचना पर पुलिस द्वारा घेराबंदी जयंती कुजूर के कब्जे से 30 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया जिसकी कीमत 3 हजार रुपए है। मामले में पुलिस ने बकिरमा बटुआपारा निवासी 55 वर्षीया जयंती कुजूर पति रम्हाई कुजूर को आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत गिरफ्तार किया गया है। इस कार्रवाई में थाना गांधीनगर से प्रधान आरक्षक चन्द्र प्रकाश टंडन, आरक्षक सतीश चौहान, आरक्षक संजीव पाण्डेय, महिला आरक्षक भोली राजवाड़े सक्रिय रहे।

## पिकअप समेत तस्कर गिरफ्तार, चार मवेशी बरामद

**अंबिकापुर।** पस्ता थाना पुलिस ने मवेशी तस्करी के मामले में कार्रवाई की है। पुलिस ने पिकअप वाहन से चार नग भैंसा बरामद करने के साथ ही आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। बलरामपुर जिले के पस्ता थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि पिकअप वाहन में प्रतापपुर के ग्राम दबगड़ी से मवेशियों को भरकर झारखण्ड के बूचड़खाने ले जाया जा रहा है। सूचना के बाद थाना प्रभारी विमलेश सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा सेमरसोत चौक ग्राम बठौरा में नाकाबंदी कर पिकअप क्रमांक जेएच 03 वी 0748 को रोककर उसकी तलाशी ली तो पिकअप वाहन से चार नग भैंसा बरामद किया गया। इस मामलें पुलिस ने पिकअप चालक गढ़वा के रंका मानपुर निवासी 22 वर्षीय इंतखाब अंसारी आ. शकीर अंसारी को धारा 4,6,10 छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 एवं पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 11 (घ) के तहत गिरफ्तार किया गया है। इस कार्रवाई में एएसआई हिमेंद्र कुशवाहा, प्रधान आरक्षक श्रीनाथ सिंह, बसंत तिर्की, आरक्षक मनोज कुमार, शिशमल रामसाय, जवाहर तिर्की, आनंद पैकरा सक्रिय रहे।



### क्रूस रास्ता की रस्म की गई पूर्ण, गिरजाघरों में दिन भर चली प्रार्थना

# मसीही समाज ने भक्ति भाव से मनाया गुड फ्राइडे, हुए धार्मिक अनुष्ठान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मसीही समाज द्वारा गुड फ्राइडे का पर्व भक्ति भाव से मनाया गया। इस दौरान महागिरजाघर में समाज के लोगों द्वारा क्रूस रास्ता की रस्म अदा की गई। इसके साथ ही समाज द्वारा विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। बता दें कि मसीही समाज पवित्र शुक्रवार गुडफ्राइडे के दिन यीशु को क्रूसित कर सूली पर चढ़ाए जाने के दिन को याद कर भक्ति आराधना में लीन हैं। गुड फ्राइडे के अवसर पर संभाग मुख्यालय अम्बिकापुर के नवापारा स्थित बेदाग इशमाता महागिरिजाघर में परम्परागत ढंग से विविध धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न हुए। पवित्र शुक्रवार के दिन बिशप अंतोनिस बड़ा, फादर विलियम उर्रे व पल्ली पुरोहित फादर जार्ज ग्रे कुजूर की अगुवाई में समस्त धार्मिक अनुष्ठान प्रारम्भ हुए। आज के दिन ही राजा पिलातयूस ने प्रभु यीशु को मृत्यु दण्ड की सजा सुनाकर यीशु के ही कंधे पर क्रूस लादकर उन्हें कलवारी पहाड़ ले जाने का आदेश दिया था और उन्हें सूली पर चढ़ा दिया गया था। प्रभु यीशु ने जिस तरह दुखभोग किया उन्ही पलों को याद कर दोपहर 2 बजे से क्रूस रास्ता कार्यक्रम बिशप हाउस फादर्स व उर्सुलाइन सिस्टर्स की अगुवाई में सम्पन्न हुआ। इसके पश्चात बिशप ने पवित्र शुक्रवार विशेष धर्म विधि के अनुष्ठानों को सम्पन्न कराते हुए कहा कि आज का दिन मानव मुक्ति के लिए यीशु के बलिदान का दिन है। यीशु ने तो अपना शरीर व रक्त भी हमें समर्पित कर हमारी मुक्ति के रास्ते खोल दिये। पवित्र आत्मा हमें प्रेरणा देता है। प्रभु हमें अयोग्य होने पर भी कितना चाहते हैं। उनके क्रूस बलिदान से हमें मुक्ति मिली है। उनके रक्त से सम्पूर्ण जगत सिंचित है।जब हम समाज के तिरस्कृत, पिछड़े गरीब लोगों के पास जाते हैं तो हम उनमें येसु को देखते हैं। ईश्वर के अनोखे प्रेम की यही विशेषता है कि वह हमें अयोग्य होने पर भी प्यार करते हैं। अनजाने में ही सही यीशु को क्रूस पर चढ़ा कर उनके सताने वालों ने ईश्वरीय योजना को पूरा करने में मदद की। संपूर्ण मानव जाति के पापों के प्रायश्चित के रूप में अपना बलिदान चढ़ाया और ईश्वर से हमारा मेल कराया। इस दौरान पवित्र बाइबिल से दो पाठ का वाचन युवा संघ के अनुप टोप्पो व अंजली एक्का द्वारा किया गया। प्रभु यीशु के दुख भोग कथा का वाचन सेंट जेवियर समुदाय ने कर उन पलों को स्मरण किया गया। बीच बीच में भक्तिमय गीतों की मनमोहक प्रस्तुति संत अन्ना सिस्टर्स की टीम भक्तों के बीच माहौल को दुख भोगमय बना रही थी। इस अवसर इस अवसर पर राजेन्द्र तिग्गा, बीरेंद्र टोप्पो, जगजीत मिंज, अजय अरुण मिंज, डॉ. युगल कुजूर, भानु खलखो, फादर अविरा, फादर अमृत टोप्पो, फादर कल्यानुस, फादर अनुरंज, फादर मुक्ति, फादर पीटर, संत अन्ना सिस्टर्स, होलीक्रास सिस्टर्स उर्सुलाइन सिस्टर्स व बड़ी संख्या में मसीहिजन उपस्थित थे।





## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## वूल्वरिन की भूमिका दोहराने के लिए ह्यू जैकमैन ने की कड़ी मेहनत



ह्यू जैकमैन ने 'डेडपूल 3' में प्रतिष्ठित सुपरहीरो वूल्वरिन की अपनी भूमिका को दोहराने के लिए जमकर पसीना बहाया है। 55 साल के सुपरस्टार का वर्कआउट वीडियो एमसीयू फैंस को उत्साहित कर रहा है। ह्यू जैकमैन ने अपना वर्कआउट रूटीन साझा कर फैंस को आश्चर्यचकित कर दिया है। ह्यू 'डेडपूल 3' में प्रतिष्ठित सुपरहीरो वूल्वरिन की अपनी भूमिका को दोहराने की तैयारी कर रहे हैं। इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए गए थ्रोबैक वीडियो में, 55 साल के अभिनेता ने अपने प्रभावशाली बाइसेप्स को फ्लॉन्ट किया। पिछले साल लिया गया फुटेज, मस्कुलर और क्लासिक एक्स-मेन दिखने के लिए जैकमैन के समर्पण को दर्शाता है। ह्यू को अपने ट्रेनर बेथ लुईस के मार्गदर्शन में खुद को आगे बढ़ाते देखा गया। वीडियो में लुईस के प्यारे साथी एंडी को भी दिखाया गया है, जो हॉलीवुड स्टार को बाइसेप्स एक्सरसाइज पूरा करने के लिए मजाकिया अंदाज में प्रेरित करते नजर आ रहे हैं। 'डेडपूल 3' में जैकमैन के साथ रयान रेनॉल्ड्स मुख्य भूमिका में हैं। इसका फिल्मांकन जनवरी में समाप्त हो गया और फैंस को पिछले महीने के सुपर बाउल के दौरान पहला ट्रेलर देखने को मिला। वीडियो में, दर्शक द ग्रेटेस्ट शोमैन स्टार को वजन उठाते हुए देखकर उनके मुरीद हो गए हैं। एक फैन ने वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा है, 'जब भी आप ये वीडियो पोस्ट करते हैं तो इससे मुझे अपने प्रशिक्षण को जारी रखने के लिए प्रेरणा मिलती है।

### टॉलीवुड

## 'मिस्टर बच्चन' बन धमाल मचाने को तैयार रवि तेजा



साउथ के मास महाराजा रवि तेजा इन दिनों हरीश शंकर के निर्देशन में बन रही अपनी अगली फिल्म 'मिस्टर बच्चन' की शूटिंग में व्यस्त हैं। फिल्म का नया शेड्यूल उत्तर प्रदेश के लखनऊ में 24 मार्च को शुरू हुआ। फिल्म के सेट पर रवि तेजा ने शूटिंग शुरू की। वहीं अब फिल्म की शूटिंग को लेकर नया अपडेट सामने आया है और साथ ही इसकी रिलीज की तारीख को लेकर भी नई चर्चाएं शुरू हो गई हैं। 'मिस्टर बच्चन' की टीम फिल्म के नए शेड्यूल को जल्द से जल्द खत्म करने के विचार में है। निर्माताओं ने फिल्म की शूटिंग को जून तक पूरा करने की योजना बनाई है। वहीं, निर्माता 'मिस्टर बच्चन' को इस साल जुलाई में रिलीज करने की योजना पर विचार कर रहे हैं। लखनऊ में शुरू हुई शूटिंग का लक्ष्य इस अवधि के दौरान फिल्म का आधा हिस्सा पूरा करना है। इससे पहले रवि तेजा ने संयुक्त राज्य अमेरिका में छुट्टियों के दौरान अपने परिवार के साथ क्वालिटी टाइम बिताने के लिए शूटिंग से छोटा ब्रेक लिया था। ब्रेक के बाद अब रवि तेजा शूटिंग सेट पर वापस आ चुके हैं। वहीं बात करें फिल्म की तो 'मिस्टर बच्चन' को अजय देवगन की लोकप्रिय हिंदी फिल्म 'रेड' का आधिकारिक रीमेक माना जा रहा है। फिल्म में रवि तेजा में एक सरकारी कर्मचारी के रूप में नजर आएंगे, जिसमें एक सामाजिक संदेश भी है। वहीं, भाग्यश्री बोरसे इस थ्रिलर फिल्म में रवि के साथ मुख्य भूमिका निभाएंगी। वहीं फिल्म में अभिनेता के अवतार को लेकर भी चर्चा हो रही है। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म के नाम की तरह ही रवि का लुक होगा यानी फिल्म में रवि तेजा का लुक बॉलीवुड के बिग बी से प्रेरित है और इसमें अमिताभ बच्चन के जीवन के युवा दिनों का लुक दिखाया जाएगा। वहीं बात करें रवि के वर्कफ्रंट की तो अभिनेता को आखिरी बार एक्शन से भरपूर थ्रिलर 'ईगल' में एक क्रूर हत्यारे की भूमिका में देखा गया था। वहीं अब फैंस बेसब्री से 'मिस्टर बच्चन' से जुड़ी अपडेट का इंतजार कर रहे हैं।

### छॉलीवुड

## छत्तीसगढी फिल्म 'चाहत' आज से दर्शकों के लिए अनूठी प्रेम कहानी



खुश्बू फिल्म्स वल्ड के बेनर तले बनी एवं खुश्बू जायसवाल द्वारा निर्मित तथा राजा खान द्वारा लिखित व निर्देशित छत्तीसगढी फिल्म 'चाहत' 29 मार्च से रायपुर, दुर्ग, भिलाई, धमतरी, बिलासपुर सहित पूरे छत्तीसगढ़ में प्रदर्शित होने जा रही है। राजा खान ने बताया कि अब तक छत्तीसगढ में बनी सभी फिल्मों से हटकर ये एक अनोखी प्रेम कहानी है। छॉलीवुड के चाकलेटी हिरो आकाश सोनी एवं यास्मीन जायसवाल द्वारा अभिनित इस फिल्म के गाने यू ट्यूब चैनल पर धूम मचा रहे हैं। डॉ. खुश्बू जयसवाल ने बताया कि फिल्म में रानू वर्मा,संजय जैन, पवन मानिकपूरी और रिंकू राजा ने महती भूमिका निभाई है। हालांकि यास्मीन जायसवाल की ये पहली फिल्म है लेकिन उन्होंने अपनी इस पहली ही फिल्म में बहुत ही उम्दा रोल किया है। वहीं इसमें रिंकू राजा ने इंस्पेक्टर का बहुत ही जर्बदस्त रोल किया है। इस फिल्म के लेखक राजा खान है और पहली बार वे कोरियोग्राफी भी की है। जा खान द्वारा निर्देशित ये दूसरी फिल्म है जो प्रदर्शित होने जा रही है, इससे पहले उनकी बहुचर्चित फिल्म घरौदा प्रदर्षित हो चुकी है, जो शुद्ध पारिवारिक, कमेडी और एक बहुत ही अच्छी संदेशप्रद कहानी थी, जिसे सभी ने बहुत पसंद किया था। राजा खान ने घरौदा में एक और प्रयोग करते हुए छॉलीवुड के चरित्र अभिनेता शमशीर सिवानी से जबर्दस्त कॉमेडी करवाया था जो छॉलीवुड में बेहद ही चर्चा का विषय बना था। इस फिल्म के गीतकार ओमप्रकाश यादव, लक्ष्मण सियाराम, विनोद बोरकर, राहुल डडसेना, सुभाष यादव, संगीतकार ओमप्रकाश यादव, कोरियोग्राफर राजा खान, संजू तांडी, एनटीआर है जबकि गीतों को अपने मधुर और सुरीली आवाज से संजोया है छॉलीवुड के सुपर गायक सुनील सोनी, ओमप्रकाश यादव, अनुराग शर्मा, अनुपमा मिश्रा ने। इसके फाईट मास्टर टार्जन है।

## कोरियन जादू

लाइफ स्टाइल



स्ट्रे किड्स के कोरियन पॉप सुपरस्टार फेलिक्स ने लुई वुइटन फॉल विंटर 2024 शो में सबको चौंका दिया। लक्जरी फैशन हाउस के राजदूत इस 23 वर्षीय रैपर ने पेरिस फैशन वीक के दौरान 'स्क्विड गेम' ब्रेकआउट जंग होयोन के साथ शो के समापन का नेतृत्व किया। फेलिक्स और जंग होयोन पेरिस फैशन वीक के हिस्से के रूप में लुई वुइटन वूमेन्सवियर शो के दौरान रनवे पर चले।

## चेहरे को सिर्फ धोना काफी नहीं, निखार के लिए इन तरीकों को भी अपनाएं



शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति होगा, जिसे अपने चेहरे और त्वचा से प्यार ना हो लेकिन सर्दी का मौसम त्वचा का निखार कम देता है। सर्दी के इस मौसम में रूखी-सूखी त्वचा से हर कोई परेशान रहता है। इसके लिए लोग कई तरह के प्रोडक्ट का इस्तेमाल करते हैं, ताकि त्वचा का ग्लो बरकरार रहे। इन सभी प्रोडक्ट का इस्तेमाल साफ चेहरे पर ही किया जाता है। ऐसे में आपने अक्सर लोगों को ये कहते सुना होगा, कि दिन में कम से कम दो बार चेहरा धोना जरूरी होता है।

ये बात सच भी है लेकिन क्या आप जानते हैं कि सिर्फ चेहरा धोने से आप स्किन केयर नहीं कर सकते। इसके लिए आपको कई स्टेप्स फॉलो करने चाहिए। इन तरीकों के बारे में बहुत से लोगों को नहीं पता है। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसे स्किन केयर स्टेप्स बताएंगे, जिसका फॉलो करना बेहद ही आसान है और इससे आपका चेहरा खिल उठेगा।

**मेकअप को करें साफः** कहीं भी बाहर से आने के बाद आपका पहला काम मेकअप रिमूव करना होना चाहिए।। अगर आप ऐसा नहीं करेंगे तो इससे आपके चेहरे पर कई तरह की परेशानियां हो सकती हैं।

**करें डबल क्लींजिंगः** हर किसी को चेहरे की डबल क्लींजिंग ही करनी चाहिए। इसके लिए पहले ऑयल बेस्ड क्लींजर का उपयोग करना है और उसके बाद एक वॉटर बेस्ड क्लींजर का।

**एक्सफोलिएशन का रखें ध्यानः**

चेहरे को ग्लोइंग बनाने के लिए आप रोज स्किन को एक्सफोलिएट जरूर करें। इससे चेहरे के पोर्स सही तरह से खुल जाएंगे।

**सीरम करें इस्तेमालः** चेहरे पर होने वाले दाग-धब्बों को साफ करने के लिए फेस सीरम का इस्तेमाल जरूर करें। इसे हमेशा अपने स्किन टाइप के हिसाब से ही खरीदें।

**आई केयरः** अपने पूरे चेहरे का ध्यान रखने के दौरान आंखों को भूलें नहीं। इसके लिए आपको बस अंडर आई मास्क का इस्तेमाल करना है। इससे आंखों के नीचे होने वाले काले घेरों से छुटकारा मिलेगा।

**चेहरे के हाइड्रेशन का रखें ध्यानः** मौसम बदलने के साथ-साथ आपको अपने चेहरे के हाइड्रेशन का ध्यान जरूर रखना चाहिए। इसके लिए चेहरे पर अच्छी क्वालिटी का मॉइश्चराइजर इस्तेमाल करें।

## इफ्तार पार्टी में होना है शामिल तो पहनकर जाएं इस तरह के सूट



फैशन

रमजान के पाक महीने की शुरुआत हो चुकी है। इस पूरे महीने लोग अल्लाह से अपने और अपने परिवारवालों के लिए दुआ मांगते हैं। इसके साथ ही वो सच्चे मन से अल्लाह की इबादत करते हैं। इस पूरे महीने लोग रोजा भी रखते हैं, जो हर किसी के लिए काफी अहम होता है।



रोजे के दौरान सुबह सूरज निकलने से पहले सहरी खाकर इबादतों का सिलसिला शुरू होता है। इसके साथ ही सूरज ढलने के बाद रोजा खोल लिया जाता है। रोजा खोलने के लिए कई जगहों पर इफ्तार की दावत का आयोजन किया जाता है। इफ्तार की दावत बहुत से लोग अपने घरों में भी आयोजित करते हैं।

अगर आप भी कहीं इफ्तार की दावत में जाने वाली हैं, लेकिन कपड़ों को लेकर संशय में हैं कि क्या पहनकर जाना उचित होगा तो हम आपको कुछ ऐसे सूट दिखाने जा रहे हैं, जो आपको खूबसूरत दिखने में मदद करेंगे।

**लाल अनारकलीः**

ऐसा लाल शॉर्ट अनारकली कुर्ता चूड़ीदार पायजामी के साथ कमाल का लगेगा। इसके साथ आप चाहें तो हील्स भी कैरी कर सकती हैं। खुले बाल आपके इस लुक में चार चांद लगाने का काम करेंगे।



**डीपनेक अनारकलीः** अगर ग्लैमरस अंदाज दिखाना चाहती हैं, तो इस तरह का डीपनेक अनारकली सूट आप अपने लिए तैयार करा सकती हैं। इसे बनवाते वक्त ध्यान रखें, कि इसमें घेर अच्छा खासा होना चाहिए।

**गुलाबी कॉटन सूटः** अगर चाहें तो ऐसा गुलाबी रंग का चिकनकारी सूती सूट आप अपने लिए तैयार करवा सकती हैं। ऐसा सूट गर्मी के इस मौसम में काफी सही रहता है। इसे पहनकर आप और खूबसूरत दिखेंगी।

**फ्लोरल प्लाजोः** गर्मी का मौसम आ गया है। ऐसे में आप चाहें तो ऐसा फ्लोरल वर्क वाला कुर्ता और प्लाजो पहनकर अपना जलवा दिखा सकती हैं। इसके साथ अगर आप नोज रिंग पहनेंगी, तो आपके लुक में चार चांद लग जाएंगे। अगर आपके पास कोई सिल्क की पुरानी साड़ी रखी है, तो आप उसकी मदद से सिल्क का अनारकली सूट तैयार करा सकती हैं।

## सोने और चांदी की ज्वेलरी जितनी ही खूबसूरत दिखती है ब्रास ज्वेलरी, जाने रख-रखाव का तरीका



ब्रास की ज्वेलरी की डिजाइंस और उसके रखरखाव के तरीकों को जानने के लिए आप एक्सपर्ट द्वारा दी गई जानकारी इस आर्टिकल में पढ़ सकती हैं। महिलाओं के श्रृंगार को तब तक अधूरा माना जाता है, जब तक वह ज्वेलरी न कैरी करें। वैसे तो भारतीय महिलाओं की पहली पसंद गोल्ड या सिल्वर ज्वेलरी है, मगर आजकल मॉडर्न और फैशनेबल ज्वेलरी का फैशन है। गोल्ड या सिल्वर की ट्रेडिशनल ज्वेलरी को रोज पहने जाने वाले कपड़ों के साथ नहीं पहना जा सकता है। बहुत सी महिलाओं को तो रोज ज्वेलरी बदल-बदल कर पहनने का शौक होता है। ऐसे में बाजार में आपको इमिटेशन ज्वेलरी में बहुत सारे विकल्प मिल जाएंगे। आजकल तो रोमन कल्चर में लोकप्रिय टाइटेनियम स्टील से बनी ज्वेलरी का फैशन चल रहा है। इसके अलावा मार्केट में आ रही ब्रास ज्वेलरी भी महिलाओं के बीच बहुत ज्यादा प्रचलित हो रही है।

ब्रास ज्वेलरी के साथ प्लस प्वॉइंट यह है कि इस पर गोल्ड या सिल्वर की पॉलिश चढ़ जाए, तो यह बहुत ही एक्सपेंसिव लुक देती है। अच्छी बात तो यह है कि पॉकेट फ्रेंडली होने के साथ ही आपको ब्रास ज्वेलरी में बहुत अच्छे डिजाइंस मिल जाएंगे। इस ज्वेलरी के बारे में हमने खास बातचीत की गार्गी बाय पीएन गाडगिल एंड सन के को-फाउंडर आदित्य मोदक से। आदित्य बताते हैं, 'ब्रास ज्वेलरी एलोय को मिक्स करके बनाई जाती है, इसलिए यह सोने-चांदी की ज्वेलरी की तरह डेलिकेट नहीं होती है। आप इसे लंबे समय तक कैरी कर सकती हैं। इसमें आपको ट्रेडिशनल और मॉडर्न, दोनों तरह की ज्वेलरी मिल जाएगी।' इतना ही नहीं, आदित्य से हमने ब्रास ज्वेलरी से जुड़ी और भी कई रोचक बातें जानी हैं, जो हम इस आर्टिकल में आपको बताने जा रहे हैं।

## लाल रंग की चूड़ी के ये सेट हैं नए, देखें डिजाइंस और बढ़ाएं हाथों की खूबसूरती

हाथों की खूबसूरती को दोगुना करने के लिए आप रंग-बिरंग चूड़ियों को लाल रंग के कंगन के साथ भी पहन सकती हैं।

हम सभी ट्रेडिशनल लुक के साथ तरह-तरह के चूड़ी के सेट बनाकर पहनते हैं। वहीं सुहागने ज्यादातर लाल रंग की चूड़ियां पहनना पसंद करती हैं। हालांकि चूड़ियों को इंडो-वेस्टर्न और कईवेस्टर्न लुक्स के साथ भी स्टाइल किया जाने लगा है।

लाल रंग में आपको कई डिजाइन वाली चूड़ियां देखने को मिल जाएंगी, जिन्हें आप कई तरीके से हाथों में पहन सकते हैं और हाथों की खूबसूरती को बढ़ा सकते हैं। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं लाल रंग की चूड़ियों के कुछ नए सेट और बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के कुछ आसान तरीके-



### लाल-हरी चूड़ी सेट

हरे के साथ ज्यादातर लाल रंग की ही चूड़ियां पहनी जाती है। इसमें आप बारीक चमकीली वाली चूड़ी खरीद सकती हैं। इस तरह की चूड़ी रोजाना से लेकर किसी पार्टी लुक के लिए भी पहनी जा सकती हैं। आप चाहे तो इस तरह की चूड़ी के बीच में चौड़े डिजाइन का कंगन भी पहन सकती हैं।

### गोल्डन कंगन के साथ लाल चूड़ी सेट

गोल्डन कलर अपने आप में ही काफी खूबसूरत लुक देने में मदद करता है। इसमें आप लाल रंग की चूड़ियों के साथ गोल्डन कलर के कंगन का सेट बनाकर पहन सकती हैं। इस तरह के कंगन के साथ पर्ल डिजाइन की पतली चूड़ियां भी बेस्ट लुक देने में मदद करेगी।

### लाल-पीली चूड़ी सेट

लाल के साथ पीले रंग का कलर कॉम्बिनेशन बेस्ट नजर आता है। इस तरह की लाल-पीली चूड़ियों के साथ में आप हरे रंग या पिंक कलर को भी शामिल कर सकती हैं। यह चूड़ी सेट हर कलर के कपड़ों के साथ आसानी से मैच भी करता है।

कार्नर न्यूज

## बालों को पीछे करने के अलावा भी जानिए और टिप्स

# स्लिक हेयर बैक स्टाइल के लिए करनी होती है खास तैयारी, स्टेप बाय स्टेप ये टिप्स आएंगे काम

स्लिक हेयर बैक लुक में आपने कई हीरो को देखा होगा। लेकिन बालों को सिर्फ पीछे कर लेने से ही ये स्टाइल नहीं बन जाता है। बल्कि इसके लिए कुछ तैयारी भी करनी होती है। ताकि ये स्टाइल कुछ देर तक तो रुके ही। इसके लिए बालों को स्टाइल देने के दौरान भी कुछ टिप्स फॉलो करने होंगे। इतना ही नही ये स्टाइल देने के पहले भी कुछ टिप्स आजमा लिए जाएं तो ये स्टाइल कैरी करना आसान हो जाता है। स्लिक हेयर बैक के लिए क्या-क्या करना होगा जानिए-

बालों को धोने के बाद इन्हें हवा में सूखने न दें। बल्कि इन्हें टॉवल से बस पोंछ दें। दरअसल हल्के गीले बालों में स्टेलिंग प्रोडक्ट अच्छे से एक्टिवेट हो पाते हैं।



बाल ग्रीसी न हों, याद रखें क्योंकि बाल जितने ज्यादा ग्रीसी होंगे इनका स्टाइल उतनी ही जल्दी खराब होता जाएगा।


इस हेयर स्टाइल के लिए बड़े दांतों वाला कंघा ही इस्तेमाल करें। इससे बाल आसानी से पीछे की ओर जाते हैं।

अब कंघे को शुरू में रूट से पीछे की ओर न ले जाएं। बल्कि शुरू में इन्हें बालों के अंत की ओर से चलाएं। इसके बाद धीरे-धीरे रूट से कंघा चलाना शुरू करें।

अब बालों को थोडा आराम दें। ये कुछ देर में अपनी जगह सेट हो जाएंगे।

बालों को पूरी तरह ब्लो ड्राय न करें। इससे बालों को स्ट्रेट होने में मदद मिलेगी।

अब आप चाहें तो बालों को स्ट्रेट या अपनी जगह स्टिक रखने वाले प्रोडक्ट का इस्तेमाल कर सकते हैं। इन प्रोडक्ट को बालों के बाहर की ओर लगाएं। इनको 15 से 20 सेकंड के लिए सेटेल होने दीजिए।





अब अपने हाथों को बालों के ऊपर चलाएं ताकि प्रोडक्ट पूरे सिर पर आसानी से फैल सके। प्रोडक्ट के हाथों में लग जाने का डर है तो हल्के गर्म पानी में हाथों को डुबो लें और फिर बालों में प्रोडक्ट को डिस्ट्रीब्यूट करें।

अब बालों में कंघे का इस्तेमाल करें। इसे फॉरहेड से पीछे की ओर ले जाएं। आप चाहें तो इन्हें ब्लो ड्राय कर सकते हैं। लेकिन बालों में बार-बार हाथ न लगाएं।

## खबर संक्षेप

### रणविजय सिंह किसान कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री नियुक्त



**अम्बिकापुर।** अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुखपाल सिंह खैरा ने संगठन की पुरानी कार्यकारिणी भंगकर नई कार्यकारिणी करी घोषणा की है। किसान कांग्रेस की नवीन कार्यकारिणी में शहर के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रणविजय सिंह तोमर को किसान कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री एवं प्रदेश संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन द्वारा उन्हें लोकसभा चुनाव का प्रभारी नियुक्ति किया गया है।

### एनएसयूआई की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में बदलाव, प्रतीक बने राष्ट्रीय सचिव

**रामानुजगंज।** एनएसयूआई के राष्ट्रीय कार्यकारिणी में बड़ा बदलाव किया गया। लोकसभा चुनाव के पहले एनएसयूआई द्वारा देश भर में आठ महासचिव तथा 21 सचिवों को नियुक्ति की गई। राष्ट्रीय कार्यकारिणी में सरगुजा संभाग से पहली बार छात्र नेता प्रतीक सिंह को स्थान देते हुए राष्ट्रीय सचिव की बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन द्वारा गुरुवार को यह आदेश अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव केसी वेणुगोपाल द्वारा जारी किया गया। नगर के वार्ड क्रमांक 4 निवासी प्रतीक सिंह ने राजनीति की शुरुआत 2009 में एनएसयूआई के सदस्य के रूप में की। एक वर्ष काम करने के बाद महाविद्यालय एनएसयूआई का उपाध्यक्ष बनाया गया जिसके बाद ब्लॉक अध्यक्ष, अविभाजित सरगुजा का जिला महासचिव, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष और एनएसयूआई का प्रदेश महासचिव के पर पर कार्य किया। इसके बाद एनएसयूआई के राष्ट्रीय संयोजक के रूप में बड़ी जवाबदारी संगठन की ओर से मिली। एनएसयूआई राष्ट्रीय संयोजक बनने के बाद संगठन के विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लिए व दिल्ली विश्वविद्यालय चुनाव में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के कारण प्रतीक को एनएसयूआई के राष्ट्रीय सचिव के रूप में बड़ी जवाबदारी दी गई।

### युवक ने टांगी लेकर गांव में मचाया उत्पात, तीन घायल

**अंबिकापुर।** नदी में मोटर पम्प लगाकर खेत में पानी पटाने को लेकर हुए विवाद में एक युवक ने जमकर उत्पात मचाया। युवक ने टांगी से ग्रामीण पर हमला कर दिया। इस दौरान उसने बीच बचाव करने आए लोगों पर भी जानलेवा हमला किया। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं शिकायत के बाद पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया गया है। लुंड्रा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम चोरकीडीह निवासी भाईदूज नागेश खेती किसानी का काम करता है और खेत में पानी पटाने के लिए उसने गागर नदी से पम्प लगाकर पाइप लगाया है। नदी से पानी सिंचाई के दौरान 26 मार्च की सुबह 7.30 बजे पड़ोसी नारायण यादव द्वारा ग्रामीण के खेत में लगे पाइप को टांगी से काट दिया गया। जब भाईदूज नागेश ने इसका विरोध किया तो आरोपी नारायण यादव ने उसपर टांगी से हमला कर दिया जिससे उसके दाहिए कंधे पर गंभीर चोट आई। जब मारपीट देखकर ग्रामीण का बेटा विजय नागेश बीच बचाव करने आया तो उसने विजय नागेश के भी सिर पर टांगी से वार कर दिया जबकि पड़ोसी युवक डुले राम की पसली पर उसने टांगी से वार किया। इतना ही नहीं उसने पड़ोसी के लोहरा, रामजीत, अरुण कुमार नागेश के पाइप को भी टांगी से काट दिया। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी नारायण यादव के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 427 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

## हेल्थ प्लस

### तेज डायग्नोस्टिक में विशेषज्ञ चिकित्सक कल

**अम्बिकापुर।** तेज डायग्नोस्टिक एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल में 31 मार्च 2024 को निम्न विशेषज्ञ डॉक्टर परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे। छग के विख्यात न्यूरोसर्जन डॉ. राहुल अहलूवालिया, मस्तिष्क सिर एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ. नरेश देवांगन, पेट एवं ऑत रोग विशेषज्ञ डॉ.भाविक शाह, ह्दय रोग विशेषज्ञ डॉ.गौरव त्रिपाठी, छाती एवं श्वास रोग विशेषज्ञ डॉ.रोशन वर्मा संबंधित रोगों से पीड़ित मरीजों के उपचार एवं परामर्श के लिए तेज डायग्नोस्टिक सेंटर एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल, जोड़ा तालाब के सामने बाबूपारा अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे।



### अपराधों की रोकथाम के लिए रणनीति बनाकर दोनों राज्य की पुलिस करेगी काम

# बार्डर मीटिंग में अपराधिक गतिविधियों की सूचना साझा करने बनी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर/सूरजपुर

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपराधिक गतिविधियों की रोकथाम के लिए बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से गुरूवार को चांदनी थाना में मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ के पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की बार्डर मीटिंग हुई। मीटिंग में उपस्थित अधिकारियों ने सीमावर्ती क्षेत्र की अपराधिक गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की तथा इसके रोकथाम के लिए साझा रणनीति बनाई। बैठक में ओड़गी के एसडीओपी राजेश जोशी ने अपराधिक गतिविधियों की रोकथाम के लिए बेहतर समन्वयक स्थापित करने, अपराधिक गतिविधियों की जानकारी एक-दूसरे को साझा करने तथा सीमावर्ती क्षेत्र में कानून व सुरक्षा व्यवस्था स्थापित करने दोनों ओर नियमित गश्त करने एवं आपसी समन्वय से अपराधियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाने के संबंध में विस्तार से चर्चा की। बैठक में चर्चा उपरांत अधिकारियों ने सीमावर्ती क्षेत्र की चौकियों में बेहतर आपसी समन्वय स्थापित करने, नशीली सामग्रियों एवं अवैध वस्तुओं की तस्करी रोकने, गुण्डा बदमाशों एवं निगरानीशुदा अपराधियों की गतिविधियों की सतत निगरानी करने, अपराधिक गतिविधियों की जानकारी एक-दूसरे को साझा करने की सहमति बनी। बैठक में सिंगरौली जिलान्तर्गत बैढ़न के एसडीओपी श्रीजन वर्मा ने सीमावर्ती चेकपोस्ट पर नाकेबंदी को प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने, सूचनाओं को साझा करने, नशा के कारोबारियों, वारंटियों एवं असामाजिक तत्वों की धर-पकड़ के लिए जानकारी साझा करने एवं इसके लिए साझा रणनीति बनाकर काम करने की सहमति जताई। बैठक में एसडीएम सागर सिंह बिहारपुर, तहसीलदार संजय शर्मा, चांदनी थाना प्रभारी मनोज सिंह, चौकी प्रभारी बलंगी विजय दुबे, मोरसोप चौकी प्रभारी कमलेश पाठक, विन्ध्यनगर सीएसपी पीएस परस्ते, बैढ़न चौकी प्रभारी संदीप नामदेव सहित अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

**खास बात**

- अभियान चला कर की जाएगी अपराधियों की धर- पकड़



बार्डर मीटिंग के दौरान मध्यप्रदेश- छत्तीसगढ़ के पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी।

## शीतला माता मंदिर के वार्षिकोत्सव की तैयारियां




**सूरजपुर।** शीतला माता मंदिर महुआपारा का दो दिवसीय शीतला माता वार्षिकोत्सव का शुभारंभ 1 व 2 अप्रैल को होगा। जिसकी तैयारियां सदस्यों द्वारा व्यापक स्तर पर प्रारंभ कर दी गई है। इस संबंध में लालचंद अग्रवाल व सुनील अग्रवाल ने बताया कि दो दिवसीय धार्मिक आयोजन में 1 अप्रैल को सुबह पूजा-अर्चना व चुनरी अर्पण के साथ माता की धोक लगेगी व पारिवारिक बच्चों के मुण्डन संस्कार का आयोजन संपन्न होगा। शाम को हाइटी व स्वल्पाहार के साथ रात्रि 9 बजे से शीतला माता का जगराता व संकीर्तन का आयोजन बाहर से आए कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। दूसरे दिन मंगलवार को सुबह पूजा-अर्चना व धोक के साथ दोपहर को शीतला माता के प्रसाद के रूप में भण्डारे का आयोजन व पुनः माता की धोक व पूजा के साथ दो दिवसीय कार्यक्रम संपन्न होगा। उल्लेखनीय है कि मानहेरू महलवाला परिवार द्वारा हरियाणा के पैतृक गांव से माता की ईट लाकर वर्षों पूर्व शीतला माता मंदिर की आधार शिला रखी गई थी। बड़ा परिवार होने से प्रति वर्ष मुण्डन संस्कार के लिए बच्चों की संख्या बढ़ने और हरियाणा जाकर संपूर्ण धार्मिक अनुष्ठान करने को लेकर पूर्वजों की सलाह और सुविधाओं को मद्देनजर रख नगर में मंदिर का निर्माण कराया गया है। जहां प्रति वर्ष होली के उपरांत पहले सोमवार को समस्त परिवार के लोग बासी खाना खाते हैं और माता शीतला की पूजा-अर्चना पूरे विधि-विधान से की जाती है। पिछले कई वर्षों से माता का उत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। जिसमें बड़ी संख्या में पारिवारिक सदस्यों के बच्चों का मुण्डन संस्कार कार्यक्रम संपन्न होता है। आयोजन को लेकर बैजनाथ अग्रवाल, विष्णुराम अग्रवाल, ज्ञानीराम अग्रवाल, विजय अग्रवाल, राधेश्याम अग्रवाल, प्रहल्लाद अग्रवाल, राजेन्द्र अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, अवधेश अग्रवाल, राजेश महलवाला, पवन अग्रवाल, महेश अग्रवाल, उमेश अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, अजय अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, जितेन्द्र अग्रवाल, हितेश अग्रवाल, कालीचरण अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, पवन अग्रवाल, चिंटू अग्रवाल, रानु अग्रवाल, देवानंद अग्रवाल, विकास अग्रवाल, टीटी बाबा, नीटू अग्रवाल, यश अग्रवाल, प्रणव अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, नैतिक अग्रवाल, धरमपाल अग्रवाल, शैलेष अग्रवाल, संजय अग्रवाल सहित सूरजपुर, बिश्रामपुर, अम्बिकापुर, सलका, बिलासपुर, रायपुर, पेण्ड्रा, जगदलपुर, जयनगर व अन्य स्थानों से मानहेरू व महलवाला परिवार के बड़ी संख्या में पारिवारिक सदस्य माता के दो दिवसीय आयोजन की तैयारी में सक्रिय है।

## महिला उद्यमियों ने सीखा चावल प्रसंस्करण इकाई चलाने का तरीका

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर



उद्योगिनी संस्था एवं एचडीएफसी बैंक सीएसआर के संयुक्त तत्वाधान में ब्लॉक के 15 ग्राम में संचालित समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम अंतर्गत शुक्रवार को सहेली महिला उद्यम समूह बरतीकला की 15 दीदियों को उद्योगिनी के प्रोजेक्ट मैनेजर सजल शर्मा के नेतृत्व में चावल प्रसंस्करण इकाई सुन्दरपुर का भ्रमण कराया गया।

प्रसंसकरण इकाई चमेली महिला उद्यम समूह सुन्दरपुर की दीदीयों द्वारा संचालन किया जा रहा है। इस दौरान समूह की दीदियों ने बताया कि उनका समूह वर्ष 2018 में बना उन्हें इस इकाई के संचालन का अवसर मिला तो उन्होंने समूह की जमा राशि से अन्य इकाई में जाकर संचालन एवं व्यापार प्रसार का प्रशिक्षण लिया। इकाई के लिए ऋण लिया और पिछले 7 महीनों से समूह इकाई का सफलतापूर्वक संचालन कर रहा है। वे किसानों के धान की कुटाई करने के साथ ही कुछ व्यापारियों के धान की कुटाई एवं चावल की बिक्री कर रही हैं। समूह की दीदियों ने महिला उद्यमियों को इकाई संचालन एवं व्यापार की समग्र जानकारी प्रदान की। इस दौरान शदीपक जायसवाल, अमित चौरसिया, संगीता मानबाई, अनीता परमेश्वरी, मायावती, श्यामाबाई सहित अन्य सदस्य उपस्थित थीं।

## मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में प्रारंभ हुई कैंटीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लंबे इंतजार के बाद कैंटीन की सुविधा उपलब्ध शुरू हुई। अस्पताल परिसर में कैंटीन खुल जाने से न सिर्फ अस्पताल स्टाफ को राहत मिली है बल्कि बड़ी संख्या में नर्सिंग कॉलेज के छात्र छात्राओं को नाश्ता, भोजन की बेहतर मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में ही उपलब्ध हो गई है जिससे अब दूसरे जगह भटकना भी नहीं पड़ेगा।

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लंबे समय से कैंटीन सुविधा की मांग महसूस की जा रही थी। शहर के अन्य बड़े निजी अस्पताल में कैंटीन की व्यवस्था है परंतु मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इसकी सुविधा नहीं थी। ऐसे में अस्पताल के चिकित्सक, नर्सिंग कॉलेज के छात्र छात्राओं समेत स्टाफ को भोजन, नाश्ता के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता जिससे कई स्टाफ अपने साथ ही टिफिन लेकर आते थे। अस्पताल प्रबंधन ने स्टाफ को हो रही परेशानी को ध्यान में रखकर अस्पताल परिसर में ही कैंटीन की सुविधा उपलब्ध कराई। हालांकि कैंटीन में भोजन नाश्ता के लिए रेट निर्धारित है। अस्पताल परिसर में ही कैंटीन की सुविधा उपलब्ध हो जाने से चिकित्सक, नर्सिंग के छात्र छात्राओं समेत स्टाफ को काफी राहत मिली है। अब स्टाफ को भोजन नाश्ता के लिए बाहर भटकना नहीं पड़ता है। गौरतलब है कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल संभाग का सबसे बड़ा अस्पताल है। 650 सौ बिस्तरीय अस्पताल में हर रोज बड़ी संख्या में विभिन्न बीमारी सहित सड़क दुर्घटना, कीटनाशक पीने, सर्पदंश सहित अन्य दुर्घटना में गंभीर मरीज दाखिल होते है। ऐसे में मरीजों के उपचार के लिए भी अस्पताल में 155 चिकित्सक है जबकि इससे अधिक संख्या में स्टाफ नर्स, नर्स सहित अन्य स्टाफ है जो अलग अलग शिफ्ट में कार्य करते है। सुबह के समय ड्यूटी करने वाले स्टाफ का भोजन, नाश्ता की ज्यादा परेशानी नहीं होती है परंतु दोपहर व रात के समय ड्यूटी करने वाले स्टाफ को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में अस्पताल परिसर में ही कैंटीन की व्यवस्था हो जाने पर अब काफी हद तक उनकी परेशानी दूर हो गई है।




### ठेला गुमटी में नहीं रखते साफ सफाई का ध्यान

मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सामने बड़ी संख्या में ठेला गुमटी के अलावा कुछ होटल है। जहां अस्पताल के स्टाफ सहित दूर दराज से मरीज लेकर आए परिजन भोजन व नाश्ता करते है। खुले में संचालित ठेला गुमटी में साफ-सफाई का ध्यान नहीं दिया जाता जिससे बीमार पड़ने की संभावना रहती है। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि परिसर में कैंटीन की सुविधा उपलब्ध हो जाने से अस्पताल के स्टाफ व परिजन के लिए एक अच्छी सुविधा हो गई है।

### मरीज के लिए है निःशुल्क व्यवस्था

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दाखिल मरीजों के दोनो समय के लिए भोजन व चाय, नाश्ता की निःशुल्क व्यवस्था है।

### अस्पताल के लिए है अच्छी सुविधा

मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में कैटिंग सुविधा की मांग लंबे समय से की जा रही थी। चिकित्सक व स्टाफ सहित मरीज के परिजन को भोजन व नाश्ता के लिए हो रही परेशानी को ध्यान में रखकर कैंटीन की व्यवस्था की गई है।

-डॉ. आरसी आर्या
अस्पताल अधीक्षक

## हरिहरपुर स्कूल में न्योता भोज एवं 8वीं के छात्र-छात्राओं को दी गई विदाई



**प्रतापपुर।** पूर्व माध्यमिक शाला हरिहरपुर में कक्षा 8 वीं के छात्र-छात्राओं की विदाई एवं न्योता भोज का कार्यक्रम किया गया। राकेश मोहन मिश्रा द्वारा छात्र-छात्राओं को स्मार्ट छात्र बनने एवं विद्या ही मनुष्य का श्रृंगार है बताते हुए छात्र-छात्राओं को अध्यापन करते हुए उच्च पद में स्थान बनाने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ छात्र-छात्राओं में संस्कार आवश्यक है। शिक्षकों को मन लगाकर बच्चों के हित में पूरी निष्ठा के साथ अध्ययन अध्यापन कार्य कराना चाहिए। साइमन तिर्की ने छात्रों को श्रेष्ठ छात्र बनने हेतु उत्साहित किया। पालक रामधन राजवाडे ने पिछड़ा क्षेत्र होने तथा 22 किमी दूर कॉलेज होने से कोरवा, कोडाकु, आदिवासी छात्राओं के उच्च शिक्षा के लिए अधिकारी से कॉलेज खोलने हेतु शासन को प्रस्ताव भेजने की बात कही। न्योता भोज कार्यक्रम में ग्राम हरिहरपुर, मटिगडा, परमेश्वरपुर, सिंघरी, दौनकरा के नागरिक एवं अभिभावक ने पूड़ी, सेवई, पनीर सब्जी, मिक्स वेज सब्जी भोजन कराया गया। इस दौरान राजकुमार गुप्ता, रामधन राजवाडे, सोहर साय पैकरा, सोनसाय देवांगन, श्याम बिहारी राम, पूरन साय पैकरा, मोती लाल सोनपाकर, बंशलाल ग्वाला, सुखलाल पैकरा, धन्नु राम पैकरा, शंकर गुप्ता, अरुण गुप्ता, राजेश कोरवा, रामलाल कोरवा, रवि ग्वाला, कृष्णा ग्वाला, चन्द्र शेखर यादव, राधिका मिश्रा, शम्भु सोनपाकर सहित अन्य उपस्थित थे।

### स्कूल का ताला तोड़कर प्रोजेक्टर, खेल सामग्री की चोरी

**अंबिकापुर।** काराबेल स्थित शासकीय हाईस्कूल में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। चोरों ने स्कूल में रखे प्रोजेक्टर, स्पीकर, साउंड बॉक्स समेत अन्य उपकरणों की चोरी की है। सीतापुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार काराबेल स्थित शासकीय हाईस्कूल की प्राचार्य शीला एक्का ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि 27 व 28 मार्च की दरमियानी रात स्कूल के छत के ऊपर लगे दरवाजा का ताला तोड़कर चोर स्कूल में घुसे और स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरे के तार को काट दिया। इसके बाद चोर चोरों ने स्कूल में की गई वायरिंग को काट दिया और तार के साथ ही स्कूल के आलमारी को तोड़कर नया प्रोजेक्टर, स्पीकर, साउंड बॉक्स, माइक, खेल सामग्री- कैरमबोर्ड, चेसबोर्ड, बैटबॉल, गोला तवा, बैडमिंटन, कॉक रिंग, फुटबॉल, बॉलीबॉल व अन्य खेल सामग्री चोरी कर ले गए। आज सुबह जब शिक्षक स्कूल पहुंचे तो उन्हें चोरी की जानकारी हुई। इस घटना में 50 हजार से अधिक के सामान की चोरी हुई है। प्राचार्य की शिकायत पर पुलिस ने धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज किया है।

सरगुजा मार्केट

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ. अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी., ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक- 31 मार्च 2024, रविवार
नोट- डॉक्टर पांचवें रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपरस्पेशलिटी सेंटर
"पारस हाइट्स", गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास, दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग., मो.- 7587722255

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

पहली बार भगन्दर, फिशर्स और पाइल्स का सफल इलाज अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
आपके शहर अम्बिकापुर (छ.ग.) में
लेज़र मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेज़र के फायदें
ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ।
रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी।
किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी।
फिर से होने की संभावना सबसे कम।
कम से कम समय में काम पुनः शुरू कर सकते है।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक, रायगढ़ रोड, खरसिया नाका, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा 497001 (छ.ग.)
मो. 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
दिनांक 19 अप्रैल 2024 दिन-शुक्रवार
डॉ. राहुल कपूर (Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
- दूरबीन से (बिना चीर फाड़) ऑपरेशन।
- किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन. BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का आप्रेशन।
- पेशाब रास्ते का सिकुड़न।
- किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, पोस्टटेट कैंसर का ईलाज।
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला सरगुजा)

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेड़ापन, सिपलिस गनैरिया, संतान न होना, शुक्राणु की कमी आदि सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध हैं
कहीं से भी ईलाज कराने से पहले एक बार जरूर मिलें
समय प्रातः 8 बजे से रात 8 बजे तक
डॉ. एस. कुमार
माँ शारदा आयुर्वेदिक क्लीनिक
स्थायी पता : भैयाथान रोड, अग्रसेन भवन के पास, मिश्रा गली के बगल में, सूरजपुर (छ.ग.)
6260666291, 7908772802

पथरी मतलब
लेजर हॉस्पिटल
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
★ आधुनिक लेजर मशीन द्वारा पथरी का ईलाज
★ 10,000 से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन
लेजर हॉस्पिटल
Add:- कोठीघर के पास, जिला अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
Mo. No. 07774-22500, 6269814276
9542344694, 9434062770

TOP IN SURGUJA

शानदार 26 साल
मंजूषा एकेडमी
मान्यता प्राप्त सेंटर में प्रवेश लें भविष्य सुरक्षित रखें
COURSE GUIDANCE
DCA | PGDCA | BCA | BA | B.LIB MSW | PGDRD | MA | Tally MBA | MSC | MCOM | M.LIB
Namnakala, Ring Road, Ambikapur Mob.- 9826183771, 9691620315
अधिकृत सेंटर
AISECT TEPL Tally Education CSC ACADEMY

गायत्री हॉस्पिटल
CREATING HEALTHY TOMORROW MULTISPECIALITY HOSPITAL
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ उच्च ईलाज
सभी रोगों के विशेषज्ञ प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ रितेश गुप्ता
MBBS, MD (Medicine), CCE BDM (Diabetes)
PG Diploma in Advance Diabetes Care (London)
F Clinical ASSO Non Invasive Cardiology (Lilavati Hospital, Mumbai)
PG Diploma Clinical Nephrology
ह्रदय, मधुमेह, किडनी, थायराइड रोग विशेषज्ञ सभी रोगों के विशेषज्ञ
24x7 इमरजेंसी सेवी भर्ती एवं आईसीयू ऑपरेशन
पंजीयन के लिए संपर्क करें
पता - बनारस रोड, पी. जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर
गायत्री मल्टीस्पेशलिस्ट हॉस्पिटल 9424250281, 8120906000, 8120809000

डॉ अनिल कुमार यादव
एम.डी. (बी.एच.यू.) वाराणसी
सलाहकार अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर (छ.ग.)
मानसिक एवं न्यूरो रोग परामर्श
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ गौरव त्रिपाठी
एमडी, डीएम (कार्डियोलॉजिस्ट)
डॉ रोशन लाल वर्मा
MD (T.B & RESPIRATORY DISEASES)
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी
दिनांक- 31 मार्च 2024, रविवार
समय - सुबह 10 से 04 बजे तक
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज़ थाइराइड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ. संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज, थाइराइड, मोटापा, माहवारी में समस्या, नपुंसकता, निःसंतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्रॉल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटा कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध:
दिनांक - 07 अप्रैल 2024, दिन-रविवार
नोट- डॉ. प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एंड सुपर स्पेशलिटी सेंटर पारस हाइटस गेंहू बाडी, सी.एम.ओ. आफिस के बगल में, दर्रीपारा अम्बिकापुर
अग्रिम पंजीयन के लिए 7587722255 पर सम्पर्क करें।

न्यूरो ओ.पी.डी. प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर, ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ. हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.Ch. (Neuro Surgery) (AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 13 अप्रैल, 2024
को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।
प्रातः 10.30 से दोपहर 02.30 बजे तक
अग्रिम पंजीयन आवश्यक
07774-221101, 9407910331, 9488142243
स्थान: संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, नया बस स्टैण्ड, गौरवपथ, अंबिकापुर

## खबर संक्षेप



### केसरवानी वैश्य सभा के होली मिलन में शामिल हुए समाज के लोग

**रामानुजगंज।** केशरवानी वैश्य सभा द्वारा होली मिलन का आयोजन आमंत्रण धर्मशाला में किया गया। जहां रामानुजगंज केशरवानी समाज के सदस्य सहित आसपास क्षेत्र के भी केशरवानी समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस दौरान हुए विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं समाज में उत्कृष्ट भूमिका निभाने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महर्षि कश्यप के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन पूजा अर्चना कर किया गया। इस अवसर पर केसरवानी वैश्य सभा के अध्यक्ष वेद प्रकाश केशरी एवं सचिव सत्य प्रकाश केशरी ने कहा कि खुशी की बात है कि होली मिलन के आयोजन में इतनी बड़ी संख्या में समाज के लोग एकत्रित हुए हैं। निश्चित रूप से जिस प्रकार से समाज के लोग एकजुट होकर विविध कार्यक्रमों में अपनी भागीदारी निभा रहे हैं इससे आने वाले समय में समाज को और मजबूती मिलेगी। केसरवानी महिला सभा की अध्यक्ष शोभा केसरी एवं प्रियंका केसरी ने कहा कि समाज के एक जुटता में महिलाएं भी बढ़-चढ़कर भाग ले रही है। केशरवानी तरुण सभा के अध्यक्ष धर्म प्रकाश केशरी एवं सचिव नयन केसरी ने कहा कि समाज के सभी प्रकोष्ठ की सक्रियता से इतना वृहद आयोजन हो सका। इस दौरान गौरी शंकर केसरी, बैजनाथ केसरी, अजय केसरी, दिलीप केसरी, संजय केसरी, शिशुपाल केसरी, जितेश केसरी, संतोष केसरी, मुकेश केसरी, देवेंद्र केसरी, प्रेम केसरी, चंद्र प्रकाश केशरी, दीपक केसरी, आनंद केसरी, मदन केसरी, क्षितिज केसरी, आर्यन केसरी सहित समाज के लोग उपस्थित रहे।

### सड़क दुर्घटना में गंभीर सीएएफ जवान की मौत

**अम्बिकापुर।** दोस्त से मिलकर बाइक से सीएएफ कंपनी लौट रहा जवान अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गया। जवान को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश सादाबाग निवासी मुकेश बघेल आ. मोट मुकुट बघेल (38 वर्ष) सीएएफ दुलदुला जशपुर में पदस्थ था। बुधवार को बाइक से अपने दोस्त से मिलने गया था। दोस्त के यहां से वापस कंपनी लौट रहा था तभी रास्ते में अनियंत्रित होकर बाइक समेत सड़क किनारे गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर सीएएफ के अन्य जवानों ने उसे जशपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने जवान की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

### भतीजे ने पत्नी के साथ मिलकर चाचा को उतारा मौत के घाट

**मनेन्द्रगढ़।** जिले के झगराखांड़ पुलिस ने अंधे कत्ल की गुत्थी को हत्या होने के महज 48 घंटों में सुलझा ली है। दरअसल पूरा मामला जमीन से उपजे विवाद को लेकर था, जहां आरोपी भतीजे ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर अपने चाचा की हत्या कर दी। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी अर्जुन पनिका पिता स्व.रामलाल पनिका उम्र 57 वर्ष निवासी नारायणपुर (सरईझोथा) थाना झगराखांड़ जिला एमसीबी के द्वारा 27 मार्च को रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि सुबह करीब 7 बजे राम मनोहर का मूक बधिर लड़का उसे ईशारा कर अपने पिता के बाड़ी में पड़े होने का संकेत दिया, तब वह मौके पर सुखदेव पनिका, कृष्णा पनिका, बलदेव पनिका एवं चौकीदार सतनारायण को साथ ले जाकर देखा तो राम मनोहर मृत हालत में जमीन पर पड़ा था। पेट, सीना एवं गाल में खरौच का निशान दिख रहा था। प्रार्थी की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर जांच पंचनामा में लिया गया तथा मृतक राम मनोहर आत्मज स्व. हीरालाल उम्र 60 वर्ष निवासी नारायणपुर (सरईझोथा) थाना झगराखांड़ के शव का पीएम कराया गया। डॉक्टर के द्वारा अपने शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में मृतक की मौत हत्यात्मक प्रकृति का होना लेख किए जाने पर थाना झगराखांड़ में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध 28 मार्च को धारा 302 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया तथा पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह के मार्ग निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वाडेगांवकर एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी ए.टोप्पो के निर्देशन पर गवाहो का कथन लिया गया।

## दिन का तापमान पहुंचा 37.9 डिग्री

# शुक्रवार रहा सीजन का सर्वाधिक गर्म दिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



भीषण गर्मी के बाद एक बार फिर पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से मौसम में उलटफेर होने की संभावना है। मौसम विज्ञानी शुक्रवार से आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने एवं 30 मार्च से 1 अप्रैल तक कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ ओलावृष्टि एवं बेमौसम वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। होली के दिन शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में ओलावृष्टि होने के बाद तापमान में वृद्धि होने का क्रम जारी है। पारा में होली के पूर्व ही वृद्धि होना प्रारम्भ हो गया था लेकिन होली के दिन दोपहर बाद आसमान पर अचानक बादलों का घनत्व बढ़ने के साथ ही शहर में जमकर ओले गिरे थे। मौसम में आए बदलाव से मैनपाट में जमकर ओलावृष्टि हुई थी तथा ओले की मोटी परत जम गई थी। ओलावृष्टि के प्रभाव से तापमान में गिरावट होन के कारण गर्मी से राहत थी लेकिन तीसरे दिन से फिर से पारा ऊपर चढ़ने लगा। मौसम कार्यालय द्वारा रविवार को दिन का तापमान 35.2 डिग्री रिकार्ड किया गया था जो ओलावृष्टि के बाद 33.8 डिग्री पर पहुंच गया था। बुधवार से गर्मी बढ़ने के साथ ही शुक्रवार का दिन सीजन का सर्वाधिक गर्म दिन रहा। मौसम कार्यालय द्वारा अधिकतम तापमान 37.9 डिग्री एवं न्यूनतम तापमान 19.3 डिग्री रिकार्ड किया गया। विक्षोभ के प्रभाव से आसमान पर बादलों की आवाजाही बढ़ गई है। मौसम विज्ञानी शनिवार से बादलों का घनत्व बढ़ने एवं कहीं-कहीं तेज हवा एवं गरज-चमक के साथ ओले गिरने की संभावना व्यक्त कर रहे है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार विक्षोभ के ताकतवर होने के कारण दो-तीन दिनों तक उत्तर छत्तीसगढ़ में प्रभावी रहने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। विक्षोभ के प्रभाव से रात के तापमान में भी वृद्धि होने एवं दिन के तापमान में गिरावट होने की संभावना है। वर्तमान में गुजरात एवं राजस्थान का कुछ इलाका लू की चपेट में है। ऐसे में विक्षोभ का प्रभाव खत्म होने के बाद तापमान में तेज वृद्धि होने एंव अप्रैल के प्रारम्भ में ही भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। हालाकि मौसम विज्ञानी अप्रैल में भी पछुआ विक्षोभ की सक्रियता से तापमान में उतार-चढ़ाव का क्रम जारी रहने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। इस संबंध में मौसम विज्ञानी अक्षय मोहन भट्ठ ने बताया कि विक्षोभ के प्रभाव से कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ ओले गिरने, हल्की से मध्यम वर्षा होने एवं दो-तीन दिनों तक विक्षोभ के प्रभावी रहने की संभावना है।

**खास बातें**

- आसमान पर बादलों की आवाजाही बढ़ने से मौसम में फिर होगा उलटफेर
- गर्मी से लोगों का बुरा हाल

**रात में भी राहत नहीं**

जिस तेजी से तापमान बढ़ रहा है अप्रैल के शुरूआत में ही भीषण गर्मी पड़ने एवं तापमान के 40 डिग्री के ऊपर पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। वर्तमान में तेजी से आगे बढ़ रहे विक्षोभ के प्रभावी होने में विलम्ब होने की स्थिति में भी पारा में और अधिक वृद्धि होने की संभावना है। मौसम में आए बदलाव से दिन में भीषण गर्मी पड़ रही है वहीं रात में भी गर्मी से राहत नहीं है। लोगों ने अब गर्मी से राहत के लिए कूलर एवं एसी चलाना शुरू कर दिया है। मौसम विज्ञानी अक्षय मोहन भट्ठ ने बताया कि वर्तमान में विक्षोभ एक चक्रवाती परिसंचरण के रूप में अफगानिस्तान के ऊपर सक्रिय है। तथा इसके प्रभाव से पश्चिमोत्तर राजस्थान के ऊपर एक चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण वहीं पश्चिमी मध्यप्रदेश के ऊपर चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय है।

**इस तरह बढ़ रहा तापमान**

24 मार्च न्यूनतम 15.5 अधिकतम 33.8
25 मार्च न्यूनतम 16.2 अधिकतम 35.2
26 मार्च न्यूनतम 16.4 अधिकतम 35.6
27 मार्च न्यूनतम 16.6 अधिकतम 33.8
28 मार्च न्यूनतम 18.3 अधिकतम 36.6
29 मार्च न्यूनतम 19.3 अधिकतम 37.9

# पिछले वर्ष की तुलना में दोगुना कोयला उत्पादन का लक्ष्य हासिल करने प्रबंधन ने लगाया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

पिछले वर्ष के मुकाबले एसईसीएल बिश्रामपुर प्रबंधन वर्तमान वित्तीय वर्ष में दोगुना कोयला उत्पादन के लक्ष्य को हासिल करने हेतु पुरे जोर शोर से लगी हुई है।वित्तीय वर्ष के समापन में अभी तीन दिन शेष बचे हैं।गौरतलब है कि लंबे समय से उत्पादन संकट व साढ़े पांच सौ करोड़ के अधिक से घाटे में संचालित बिश्रामपुर क्षेत्र लगभग डेढ़ वर्ष वर्ष पूर्व लंबे समय से बंद आमगांव खदान के पुनः शुरू होने से कोयला उत्पादन में नई रफ़्तार पकड़ी थी।आमगांव खदान में कोल उत्पादन शुरू होते ही क्षेत्र का कोयला उत्पादन में वृद्धि हो गई, साथ ही घाटे की भरपाई भी होनी शुरू हो गई।पिछले वित्तीय वर्ष में क्षेत्र से ग्यारह लाख टन कोयला उत्पादन किया गया था।वर्तमान वित्तीय वर्ष में 21 लाख टन के लक्ष्य हासिल करने की दिशा में क्षेत्र से प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक पिछले वर्ष 11 लाख टन से करीब दोगुना बीस लाख टन से अधिक कोयला उत्पादन किए जाने की उम्मीद है।गौरतलब है कि अभी हाल में बंद पड़ी सरगुजा जिले के अमेरा खदान से नए वर्ष से कोयला उत्पादन आरंभ कर लिया गया है।

इस संबंध में एसईसीएल के क्षेत्रीय महाप्रबंधक अजय तिवारी ने बताया कि चालू वित्त वर्ष में वार्षिक उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु हम प्रयासरत हैं। टीम वर्क के साथ सरगुजा व सूरजपुर जिला प्रशासन से भी अपेक्षित सहयोग प्राप्त हो रहा है। अगले वित्तीय वर्ष में हम कोल उत्पादन का नया आयाम हासिल करेंगे।

**आमगांव खदान ने लक्ष्य किया हासिल**

क्षेत्र की आमगांव खदान अपने वार्षिक लक्ष्य दस लाख टन कोयला उत्पादन का आंकड़ा विगत 23 मार्च को पूरा कर लिया है।जिसके बाद से खदान से कोयला उत्पादन बंद है।वर्तमान में खदान से ओबी हटाने का कार्य चल रहा है।बताया जाता है कि प्रबंधन इस खदान की पर्यावरण क्लियरेंस की 1.2 मिलियन टन स्वीकृति के लिए प्रयासरत थी लेकिन सफलता नहीं मिली, इस वर्ष उसकी स्वीकृति मिलने की पूरी उम्मीद है जिसके बाद से खदान की सालाना कोल उत्पादन क्षमता बढ़ जाएगी।इसमें आगामी एक अप्रैल से पुनः पूरी गति के साथ कोयला उत्पादन शुरू होगा।

**कोल उत्पादन में बाधाओं को दूर करना चुनौती**

आरंभ से कोयला उत्पादन के लिए भूमि अधिग्रहण सहित ग्रामीणों द्वारा अधिग्रहित भूमि का आधिपत्य नहीं मिल पाने से प्रबंधन के लिए कोयला उत्पादन सहित क्षेत्र के अस्तित्व बचाने के लिए कई तरह की परेशानियां सामने आती रही हैं जो अब भी बरकार है।आमगांव खदान के ग्राम पटना के ग्रामीणों द्वारा चालू वित्त वर्ष में दो बार सप्ताह भर के लिए खदान बंद कराकर आंदोलन करने के बाद कम्पनी प्रबंधन को वार्षिक उत्पादन लक्ष्य हासिल करने में मुश्किलों का सामना करना पड़ गया। पिछले पांच माह से पर्यावरण स्वीकृति के अभाव में रेहर खदान बंद पड़ी होने से तथा आगामी एक अप्रैल से पर्यावरण क्लियरेंस के अभाव में बलरामपुर खदान से भी कोयला उत्पादन बाधित हो जाने की खबर है। एस ई सी एल प्रबंधन के समक्ष इन दोनों खदानों को नए वित्त वर्ष में चालू कराने की चुनौती होगी।

### अस्पताल परिसर से चोरों ने पार की बाइक

**अम्बिकापुर।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर से चोरी की घटना थमने का नाम नहीं ले रहा है। चोर इस कर शातिर है कि अस्पताल आने वाले ऐसे लोगों की बाइक चोरी करते है जो मरीज को भर्ती कराने तथा उपचार कराने में वार्ड में ही रहते है। बुधवार की रात भी गर्भवती पत्नी को एमसीएच में भर्ती कराने आए ग्रामीण की बाइक को चोरों ने पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम करसू निवासी बुधराम पैकरा आ. शिव प्रसाद पैकरा बुधवार की शाम लगभग 7 बजे गर्भवती पत्नी शालिनी को एमसीएच में भर्ती कराने बाइक क्रमांक सीजी 15 डीक्यू 6650 से आया था। ग्रामीण बाइक को अस्पताल परिसर में खड़ा कर पत्नी को वार्ड में भर्ती कराने के पश्चात रात में वार्ड में था। दूसरे दिन दोपहर को किसी के सिलसिले में बाहर निकला तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब है। काफी खोजबीन के बाद भी जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट मणिपुर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 379 के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

# चेकिंग के नाम पर सोनवाही जंगल के पास महिलाओं को लूटने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



गुरुवार 28 मार्च को अंबिकापुर-बनारस अंतर राज्यीय मार्ग में सोनवाही जंगल समीप अंबिकापुर से खरीददारी कर स्कूटी से लौट रही ग्राम गजाधरपुर निवासी मां व बेटी को चेकिंग के नाम पर बाइक सवार दो अज्ञात युवकों ने रोकते हुए उनसे 4200 रूपये नगद लूटकर फरार हो गये थे, उक्त मामले में शामिल दो बाइक सवारों में से एक आरोपी लुटेरे को पुलिस ने घटना के चौबीस घंटे के भीतर गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायालय पेश कर दिया है।लटोरी पुलिस ने बताया कि कांती देवी निवासी गजाधरपुर प्रधानपारा ने घटना के तत्काल बाद लटोरी पुलिस चौकी पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि 28 मार्च को वह अपनी लड़की के साथ स्कूटी से गांधीनगर अम्बिकापुर कपड़ा खरीदने गए थे, यहां से खरीददारी कर वापस घर आ रहे थे, इस दौरान दोपहर में सोनवाही जंगल के पास पहुंचे थे कि बाइक सवार दो अज्ञात व्यक्ति मोटर सायकल में आए और स्कूटी चेकिंग के नाम पर गाड़ी में रखा झोला छीन लिए तथा झोला में रखा पर्स जिसमें 4200 रूपये थे छीनकर मोटर सायकल से दोनों अम्बिकापुर की ओर भाग गए, यहां पर महिला द्वारा अम्बिकापुर की ओर सड़क पर स्कूटी से पीछा भी किया गया लेकिन दोनों अज्ञात युवक भाग निकले। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध धारा 392, 34 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया,अंबिकापुर बनारस मार्ग में दिनदहाड़े हुई लूट की सूचना पर पुलिस अलर्ट होकर वरिष्ठ अधिकारियों को घटना की सूचना देते हुए नाकेबंदी शुरू की तथा अज्ञात आरोपियों की पतासाजी में लगी थी, इसी बीच मुखबीर की सूचना पर संदेही शहजोर अली पिता अयुब अली उम्र 32 वर्ष निवासी ईरानी मोहल्ला अम्बिकापुर थाना कोतवाली को पकड़ा गया जिसके बाद कार्यपालिक दण्डाधिकारी लटोरी से शिनाख्ती की कार्यवाही कराने पर प्रार्थिया ने पहचान किया। पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि घटना दिनांक के दोपहर में हीरो सस्प्लेंडर प्लस मोटर सायकल क्रमांक सीजी 15 सीएस 7142 में एक अन्य व्यक्ति के साथ ग्राम करवां जा रहे थे, अम्बिकापुर बनारस रोड में ग्राम सोनवाही जंगल पहुंचे थे, तब सामने दो महिला स्कूटी से जा रहे थे जिन्हें आवाज देकर रोकते हुए लूट की वारदात को अंजाम दिये और लूट की रकम में से 400 रूपये का पेट्रोल डलवाए और शेष राशि को आपस में बाँट लिए। आरोपी के निशानदेही पर लूट की रकम 1000 रूपये एवं घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त कर आरोपी शहजोर अली को गिरफ्तार किया गया। मामले में 1 अन्य आरोपी फरार है जिसकी पतासाजी की जा रही है। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी लटोरी धनंजय पाठक, प्रधान आरक्षक विशाल मिश्रा, आरक्षक अम्बिका मरावी, नंदकिशोर राजवाड़े, उमेश सिंह व महिला आरक्षक मुनेश्री पैंकरा सक्रिय रहे।

# चाकू लेकर लोगों को धमका रहा युवक गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर/सूरजपुर



चाकू लेकर राहगीरों को धमका रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक ने जिले के थाना-चौकी प्रभारियों को असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आज पुलिस चौकी मोहरसोप के पुलिसकर्मी क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिला कि ग्राम ग्राम खोहिर में गांव के ही देवशरण खैरवार आ. गोपीचंद (19 वर्ष) चाकू लेकर राहगीरों का मारने की धमकी देकर धमका रहा है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से चाकू को जब्त कर लिया। पुलिस आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। कार्रवाई में चौकी प्रभारी मोहरसोप कमलेश पाठक, प्रधान आरक्षक सुंदर लाल, आरक्षक मनोज जायसवाल, विनोद टोप्पा व कमलेश गुर्जर सक्रिय रहे।



# सोनार समाज ने मनाया वार्षिक उत्सव, नगर में निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

सोनार समाज द्वारा वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। वार्षिक उत्सव के के दौरान समाज के द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। बता दें कि सोनार समाज द्वारा महुआपारा स्थित सोनार भवन में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया था। वार्षिक उत्सव के अवसर पर ढोल नगाड़ों व आतिशबाजी के साथ नगर में रैली निकाली गई। इसके सतह ही हरीतिमा बैग हाउस के समीप समाज के लोगों ने सभा को सम्बोधित कर रैली का समापन किया। इस दौरान समाज के लोगों से एकता का आह्वान किया गया। वार्षिक उत्सव की शुरुआत भगवान श्री राम की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके साथ ही वर्ष भर में निधन हुए समाज के लोगों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इसके साथ ही कार्यक्रम में समाज के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान शंकरगढ ब्लॉक के शशिकांत सोनी, मणिकांत सोनी ने राजपुर समाज मे अध्यक्ष सुरेश सोनी आवेदन देकर जोड़ा है। इस अवसर में सूरजपुर जिला अध्यक्ष कंचन सोनी, बलरामपुर जिला अध्यक्ष नरेश सोनी, अंबिकापुर से सुरेश सोनी, रघुनाथ सोनी, राजपुर ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश सोनी रामाशीष सोनी, ओम प्रकाश सोनी, संतोष सोनी, विकास सोनी, रवि सोनी, सुजीत सोनी, नरेन्द्र सोनी, रानू सोनी सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

### पुलिस ने 9 स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार कर किया न्यायालय पेश



**कुसमी।** लंबे समय से फरार 9 स्थाई वारंटियों को कुसमी पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया। पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निमेश बरैया कर, शैलेंद्र पांडे के निर्देशानुसार कुसमी अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एमानुएल लकड़ा के मार्गदर्शन में कुसमी थाना प्रभारी जितेंद्र जायसवाल द्वारा लंबे समय से फरार स्थाई वारंटियों की धरपकड़ के लिए पुलिस टीम बनाकर रवाना किया। पुलिस टीम लंबे समय से फरार 9 स्थाई वारटियों को पकड़ कर न्यायालय पेश किया।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

स्वामी जी 93406-38884
By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
श्री हरिद्वार, हरकी पौड़ी, ऋषिकेश, श्री उत्तरकाशी, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री बद्रीनाथ, श्री केदारनाथ,
यात्रा दिनांक 9 मई 2024, 11 जून 2024, 21 जून 2024, 01 सितंबर 2024, 25 सितंबर 2024, 03 अक्टूबर 2024, 15 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर-21,500/-, 3AC-29,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
RAHUL TRAVELS
One Way Taxi Pvt Ltd
वाहन है पर ड्राइवर नहीं है?
अपना ड्राइवर आज ही बुक करे
डेली या परमानेंट बेसिस पर
7837411411
/RahulTravels /RahulTravelsOneWay www.rahultravels.com

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024
सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि:- स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+ 5% GST)
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक सेंटर
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
छ.ग. के विख्यात पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ. भाविक शाह DNB (Internal), DNB (Gastro)
रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क सिर एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ. नरेश देवांगन MBBS,MS, MCh. (Neurology)
डॉ. रोशन वर्मा MD (T.B. & RESPIRATORY DISEASES)
रायपुर के विख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. गौरव त्रिपाठी M.D., DM (CARDIOLOGIST)
छग के सुप्रसिद्ध न्यूरोसर्जन... डॉ. राहुल अहलूवालिया MS, MCH (Neurosurgeon)
1.5 Tesla MRI All Diagnostic Facilites
31 मार्च 2024 दिन-रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें 07774-222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध